# CTET Hindi Questions and Answer- 23 March 2024

**Q1.** कारक के भेद है-
(a) पाँच
(b) छः
(c) सात
(d) आठ

**Q2.** 'पवन' शब्द में कौन-सी संधि है-
(a) गुण संधि
(b) यण संधि
(c) अयादि संधि
(d) वृद्धि संधि

**Q3.** 'महात्मा' शब्द में कौन सा समास है?
(a) तत्पुरुष
(b) अव्ययी भाव
(c) कर्मधारय
(d) बहुव्रीहि

**Q4.** किस शब्द में 'आ' उपसर्ग नहीं है-
(a) आजन्म
(b) आगमन
(c) आकर्षक
(d) आदरणीया

**Q5.** कौन-सी वर्तनी ठीक है-
(a) रचैता
(b) रचइता
(c) रचयिता
(d) रचयता

**Q6.** इनमें से किस शब्द के पर्यायवाची गलत हैं-
(a) कमल - जलज, पंकज, सरोज
(b) पुष्प – कुसुम, फूल, सुमन
(c) सरस्वती – गिरा, भारती, वाणी
(d) सूर्य – दिवस, याम, वासर

**Q7.** जंगम का विलोम शब्द है-
(a) पुष्ट
(b) स्थावर
(c) स्थिर
(d) पूर्ण

**Q8.** 'खेत रहना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) युद्ध में शहीद होना
(b) कानूनी विवाद से जमीन का बच जाना
(c) जमीन बिक जाना
(d) जमीन खरीदना

**Q9.** निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है-
(a) घास
(b) आय
(c) व्यय
(d) नहर

**Q10.** 'जिसकी आशा न की गयी हो'- उसे कहा जाता है-
(a) निराशा
(b) अप्रत्याशित
(c) उपेक्षा
(d) असम्भव

**Q11.** निम्न में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
(a) सर्वस्व
(b) उत्कृष्ट
(c) वीनापाणी
(d) विस्मरण

**Q12.** 'उपसर्ग' का विलोम शब्द क्या है?
(a) तिरोभाव
(b) संश्लेषण
(c) विसर्ग
(d) प्रत्यय

**Q13.** 'किसी प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
(a) अन्त्यज
(b) अन्योदर
(c) अनुमोदन
(d) अप्रहत

**Q14.** निम्न में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) तेरी बातें सुनते-सुनते कान पक गए।
(b) उसने संतोष की साँस ली।
(c) आठ बजने में दस मिनट है।
(d) सारी रात भर मैं जागता रहा।

**Q15.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में दिये गये शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?
(a) पीयूष, सुधा, सोम
(b) अरण्य, विपिन, कांतार
(c) दामिनी, यामिनी, उर्मि
(d) घोटक, हय, तुरंग

**Q16.** 'ढाक के तीन पात' मुहावरे का सही अर्थ कौन सा है?
(a) अस्थिर अवस्था
(b) सदा एक-सी हालत में रहना
(c) साधारण परिवार में असाधारण व्यक्ति
(d) कोई सनसनी खेज कार्य करना

**Q17.** 'अभीप्सा' किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होगा?
(a) आवश्यकता से अधिक धन का संचय करना
(b) किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा
(c) जिसमे किसी बात का विवाद न हो
(d) जिसके हृदय में ममता नहीं है

**Q18.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में समश्रुत शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?
(a) तरणि – तरणी = सूर्य – नाव
(b) नीड़ – नीर = घोंसला - जल
(c) प्रसाद – प्रासाद = कृपा – महल
(d) अनल – अनिल = वर्षा – पावक

**Q19.** निम्न में से कौन सा विलोम-युग्म सही नहीं है?
(a) प्रवृति – निवृत्ति
(b) बोधगम्य – दुरूह
(c) श्लाघा – आत्मप्रशंसा
(d) शूरता - भीरुता

**Q20.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(a) अनुग्रहित, कवयित्रि, ज्योत्सना
(b) अनुगृहीत, कवयित्री, ज्योत्स्ना
(c) अनुग्रहीत, कवियित्री, जयोत्सना
(d) अनुग्रीहीत, कवियत्री, ज्योत्सना

**Directions (21-40) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -**

**Q21.** 'दिवस' का विलोम शब्द है-
(a) विभावरी
(b) अरविन्द
(c) प्रवहिनी
(d) विचक्षण

**Q22.** निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) क्षीर
(b) मयूर
(c) सफेद
(d) शीर्ष

**Q23.** निम्न में से कौन सा शब्द 'स्त्री' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) तरुणी
(b) प्रमदा
(c) ललाम
(d) ललना

**Q24.** 'जो कठिनाई से समझने योग्य है' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
(a) दुर्दम्य
(b) दुष्प्राप्य
(c) दुर्भिक्ष
(d) दुर्बोध

**Q25.** 'प्रत्यर्पण' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?
(a) प्र
(b) प्रति
(c) प्रत्य
(d) पर

**Q26.** 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) बहुत लज्जित होना
(b) खुशियाँ मनाना
(c) दिवाला निकलना
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q27.** 'सदैव' शब्द में कौन-सी संधि है?
(a) यण् संधि
(b) व्यंजन संधि
(c) वृद्धि संधि
(d) गुण संधि

**Q28.** 'राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है' इस वाक्य में क्रिया का कौन सा रूप है?
(a) पूर्णकालिक क्रिया
(b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) संयुक्त क्रिया
(d) अपूर्ण क्रिया

**Q29.** निम्न में से कौन सा एक पुल्लिंग शब्द है?
(a) कोयला
(b) अभिलाषा
(c) अवज्ञा
(d) निर्धनता

**Q30.** संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं?
(a) अव्यय
(b) लिंग
(c) कारक
(d) वचन

**Q31.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का सही प्रयोग नही हुआ है?
(a) बारिश में हमारी पुस्तकें भीग गई
(b) जो परिश्रम करते हैं, वह सुखी रहते हैं।
(c) हम मतदान नहीं करेंगे
(d) तुम्हारे पिता जी क्या काम करते हैं?

**Q32.** निम्न में से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द का चयन कीजिए।
(a) कुरान
(b) पढ़ाई
(c) समिति
(d) आलू

**Q33.** 'ढाबा' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तत्सम
(b) विदेशज
(c) देशज
(d) तदभव

**Q34.** 'वृष्टि' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) सृष्टि
(b) निश्चेष्ट
(c) समष्टि
(d) वृद्धि

**Q35.** किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?
(a) वह विद्यार्थी है
(b) वह लड़का विद्यार्थी है
(c) वह प्रबुद्ध विद्यार्थी है
(d) वह परिश्रमी भी है

**Q36.** 'काला-गोरा' एवं 'खाना-पीना' में कौन सा चिह्न प्रयुक्त हुआ है?
(a) संयोजक चिह्न
(b) वर्गाकार कोष्ठक चिह्न
(c) प्रश्नवाचक चिह्न
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q37.** निम्न में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(a) ओधोगिक
(b) औधयौगिक
(c) औद्योगिक
(d) औद्योगीक

**Q38.** 'आधा तीतर आधा बटेर', इस लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) झगड़े के कारण को उत्पन्न करना
(b) दो बेमेल चीजें
(c) दुगुना फायदा होना
(d) तरह तरह का अनुभव होना

**Q39.** निम्न में से कौन सा शब्द 'सर्प' का पर्यायवाची नहीं है-
(a) अहि
(b) व्याल
(c) भुजंग
(d) विप्र

**Q40.** 'निम्नलिखित में से कौन सा शब्द क्रिया का पर्यायवाची नहीं है?
(a) करना
(b) बनाना
(c) सोचना
(d) स्थिति

**Directions (41-50): निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

**Q41.** 'लौकिक' शब्द में प्रत्यय है-
(a) लोइक्
(b) किक
(c) अक
(d) इक

**Q42.** अतिथि शब्द का पर्यायवची है-
(a) प्रसूता
(b) अविचल
(c) आगंतुक
(d) वयस्

**Q43.** शत्रु शब्द का विलोम शब्द है-
(a) न्यून
(b) विष
(c) मित्र
(d) अनेक

**Q44.** आसमान पर चढ़ाना मुहावरे का अर्थ है -
(a) अत्यधिक अभिमान करना
(b) कठिन काम के लिए प्रेरित करना
(c) बहुत शोर करना
(d) अत्यधिक प्रशंसा करना

**Q45.** 'जिस पुस्तक में आठ अध्याय हो - वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
(a) अष्टाध्यायी
(b) अतिशयोक्ति
(c) अगोचर
(d) अण्डज

**Q46.** निम्न में से कौन सा शब्द शुद्ध है?
(a) कृतज्ञ
(b) कृतग्य
(c) क्रितग्य
(d) प्रतिग्या

**Q47.** ज्ञानोदय में प्रयुक्त संधि है-
(a) गुण संधि
(b) स्वर संधि
(c) व्यंजन संधि
(d) विसर्ग संधि

**Q48.** निम्न में कौन सा कर्मधारय समास है-
(a) कमलनयन
(b) चक्रपाणी
(c) चतुर्युगम
(d) माता – पिता

**Q49.** 'गीता हाथ से मारती है'वाक्य में कौन-सा कारक है-
(a) कर्ता
(b) अपादान
(c) अधिकरण
(d) करण

**Q50.** संक्षेप शब्द का विलोम शब्द है-
(a) विस्तार
(b) अपव्यय
(c) कृतघ्न
(d) नीरस

## Solutions

**S1. Ans.(d)**
**Sol.** कारक के भेद आठ है।

**S2. Ans.(c)**
**Sol.** 'पवन' शब्द में अयादि संधि है।

**S3. Ans.(c)**
**Sol.** 'महात्मा' शब्द में कर्मधारय समास है।

**S4. Ans.(d)**
**Sol.** आदरणीया शब्द में 'आ' उपसर्ग नहीं है।

**S5. Ans.(c)**
**Sol.** रचयिता वर्तनी ठीक है।

**S6. Ans.(d)**
**Sol.** सूर्य – दिवस, याम, वासर शब्द के पर्यायवाची गलत हैं।

**S7. Ans.(b)**
**Sol.** जंगम का विलोम शब्द स्थावर है।

**S8. Ans.(a)**
**Sol.** 'खेत रहना' मुहावरे का अर्थ युद्ध में शहीद होना है।

**S9. Ans.(c)**
**Sol.** व्यय पुल्लिंग शब्द है।

**S10. Ans.(b)**
**Sol.** 'जिसकी आशा न की गयी हो'- उसे अप्रत्याशित कहा जाता है।

**S11. Ans.(c)**
**Sol.** शब्द की शुद्ध वर्तनी है- 'वीणापाणि'।

**S12. Ans.(d)**
**Sol.** 'उपसर्ग' का विलोम शब्द प्रत्यय है।

**S13. Ans.(c)**
**Sol.** 'किसी प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द अनुमोदन है।

**S14. Ans.(d)**
**Sol.** विकल्प d में दिया गया वाक्य अशुद्ध है। वाक्य का शुद्ध रूप 'मैं सारी रात जागता रहा' है।

**S15. Ans.(c)**
**Sol.** पीयूष, सुधा और सोम, 'अमृत' के पर्यायवाची हैं। अरण्य, विपिन और कांतार, 'वन' के पर्यायवाची हैं। घोटक, हय और तुरंग, 'घोड़े' के पर्यायवाची हैं। दामिनी का पर्यायवाची शब्द विद्युत है, यामिनी का पर्यायवाची शब्द रात्रि है, उर्मि का पर्यायवाची शब्द लहर है।

**S16. Ans.(b)**
**Sol.** 'ढाक के तीन पात' मुहावरे का अर्थ सदा एक-सी हालत में रहना है।

**S17. Ans.(b)**
**Sol.** अभीप्सा - किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा।

**S18. Ans.(d)**
**Sol.** अनल का अर्थ- अग्नि, आग। अनिल का अर्थ – वायु हवा।

**S19. Ans.(c)**
**Sol.** श्लाघा का अर्थ 'आत्मप्रशंसा' है, इसलिए इसका विलोम शब्द 'निंदा' है।

**S20. Ans.(b)**
**Sol.** शब्दों की सही वर्तनी है - अनुगृहीत, कवयित्री, ज्योत्स्ना।

**S21. Ans.(a)**
**Sol.** 'दिवस' का विलोम शब्द 'विभावरी' है।

**S22. Ans.(c)**
**Sol.** 'सफेद' एक तद्भव शब्द है। अन्य तीनों तत्सम शब्द हैं।

**S23. Ans.(c)**
**Sol.** 'ललाम' स्त्री का पर्यायवाची शब्द नहीं है। अन्य तीनों स्त्री के पर्यायवाची शब्द हैं।

**S24. Ans.(d)**
**Sol.** 'जो कठिनाई से समझने योग्य है' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'दुर्बोध' है।

**S25. Ans.(b)**
**Sol.** 'प्रत्यर्पण' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है।

**S26. Ans.(a)**
**Sol.** 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरे का अर्थ बहुत लज्जित होना है।

**S27. Ans.(c)**
**Sol.** 'सदैव' शब्द में वृद्धि संधि है।

**S28. Ans.(b)**
**Sol.** 'राम लक्ष्मण से पात्र लिखवाता है' इस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया है। जिस क्रिया से इस बात का ज्ञान हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी अन्य को उसे करने के लिए प्रेरित करता है, उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं । जैसे-बोलना- बोलवाना, पढ़ना-पढ़वाना, खाना- खिलवाना, इत्यादि। मूल द्वि-अक्षरी धातुओं में 'आना' तथा 'वाना' जोड़ने से प्रेरणार्थक; क्रियाएँ बनती हैं ।

**S29. Ans.(a)**
**Sol.** 'कोयला' एक पुल्लिंग शब्द है। अन्य सही स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**S30. Ans.(d)**
**Sol.** संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

**S31. Ans.(b)**
**Sol.** यहाँ 'जो परिश्रम करते हैं, वह सुखी रहते हैं, के स्थान पर जो परिश्रम करते हैं, वे सुखी रहते हैं, का प्रयोग उचित है। इस वाक्य में 'वह' के स्थान पर 'वे' का प्रयोग होगा।

**S32. Ans.(a)**
**Sol.** 'कुरान' एक व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है। पुस्तकों के नाम- रामायण, महाभारत, बाइबल, कुरान आदि व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों में आते हैं।

**S33. Ans.(c)**
**Sol.** 'ढाबा' एक देशज शब्द है। वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों। ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं। जैसे- लोटा, कटोरा, डोंगा, डिबिया, खिचड़ी, खिड़की, पगड़ी, अंटा, चसक, चिड़िया, जूता, ठेठ, ठुमरी, तेंदुआ, फुनगी, कलाई आदि।

**S34. Ans.(c)**
**Sol.** 'वृष्टि' का विपरीतार्थक शब्द 'समष्टि' है।

**S35. Ans.(a)**
**Sol.** 'वह विद्यार्थी है' इस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है।

**S36. Ans.(a)**
**Sol.** काला-गोरा एवं खाना-पीना में संयोजक चिह्न (-) का प्रयोग हुआ है।

**S37. Ans.(c)**
**Sol.** शुद्ध वर्तनी है- औद्योगिक।

**S38. Ans.(b)**
**Sol.** 'आधा तीतर आधा बटेर', इस लोकोक्ति का अर्थ है- दो बेमेल चीजें।

**S39. Ans.(d)**
**Sol.** 'सर्प' के पर्यायवाची शब्द है- साँप, नाग, विषधर, भुजंग, अहि, उरग, काकोदर, फणीश, सारंग, व्याल। 'विप्र', ब्राह्मण का पर्यायवाची शब्द है।

**S40. Ans.(c)**
**Sol.** स्पष्टीकरण: विकल्प (a), (b) और (d) क्रिया के प्रत्यक्ष पर्यायवाची हैं। विकल्प (c) "सोचना" क्रिया का विलोम है, इसलिए यह सही उत्तर नहीं है।

**S41. Ans.(d)**
**Sol.** 'लौकिक' शब्द में इक प्रत्यय है।

**S42. Ans.(c)**
**Sol.** आगंतुक शब्द अतिथि शब्द का पर्यायवची है।

**S43. Ans.(c)**
**Sol.** मित्र शत्रु शब्द का विलोम शब्द है।

**S44. Ans.(d)**
**Sol.** आसमान पर चढ़ाना मुहावरे का अर्थ अत्यधिक प्रशंसा करना है।

**S45. Ans.(a)**
**Sol.** 'जिस पुस्तक में आठ अध्याय हो - वाक्यांश के लिए एक शब्द अष्टाध्यायी है।

**S46. Ans.(a)**
**Sol.** कृतज्ञ शब्द शुद्ध है।

**S47. Ans.(b)**
**Sol.** ज्ञानोदय में प्रयुक्त स्वर संधि है।

**S48. Ans.(a)**
**Sol.** कमलनयन कर्मधारय समास है।

**S49. Ans.(d)**
**Sol.** 'गीता हाथ से मारती है' वाक्य में करण कारक है।

**S50. Ans.(a)**
**Sol.** संक्षेप शब्द का विलोम शब्द विस्तार है।